**समाचार**

# 12 मई को बंद रहेगा पशुवध कार्य

कोरबा 09 मई 2025 – 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के विशिष्ट अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत पशुवध कार्य व मांस बिक्री की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त वधशालाओं व पशुवधकर्ताओं को आदेश देते हुए कहा गया है कि वे 12 मई 2025 को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य न करें, मांस का विक्रय न करें तथा दुकानों को बंद रखें। यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय करते पाया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।